>

Title: Need to provide a direct rail link between Pushkar and Merta city in Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे लोक सभा क्षेत्र राजस्थान के राजसमंद के अंतर्गत आने वाले उत्तर पश्चिम रेलवे के पुÂकर रेलवे स्टेशन को मेड़ता शहर से जोड़ने के लिए पिछले बजट में सर्वेक्षण के बाद स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस महत्वपूर्ण लाइन के बनने से अजमेर को सीधा जोधपुर एवे बीकानेर से जोड़ा जा सकेगा जिससे इन महत्वपूर्ण एवं सामरिक एवं औद्योगिक दÂिष्ट से उपरोक्त शहरों का विकास हो सकेगा लेकिन पता नहीं किन कारणों से रेलवे इस परियोजना को प्राथमिकता में नहीं ले रहा है। रेलवे बोर्ड के कई सदस्या इस योजना को प्राथमिकता में नहीं लेने की सार्वजनिक घोÂषणा भी कर रहे हैं। अस्तु इस बारे में मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस कार्य को अपनी प्राथमिकता में लेने का कÂट करें।